# नमूने के प्रश्न–पत्र की योजना 2011 – 2012

कक्षा – **X**
विषय –हिन्दी | प्रश्न पत्र –
अवधि – 3 घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक – 80

1. उद्देश्य हेतु अंकभार –

| क्र.सं. | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञान | 9 | 11.25 % |
| 2. | अवबोध | 28½ | 36.62 % |
| 3. | अभिव्यक्ति | 30½ | 38.12 % |
| 4. | मौलिकता | 12 | 15 % |
| | योग | 80 | 99.99**+.01=**100 % |

2. प्रश्नों के प्रकारवार अंकभार –

| क्र. सं. | प्रश्नों का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रति प्रश्न | कुल अंक प्रतिशत | प्रतिशत प्रश्नों का | संभावित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अतिलघूत्तरात्मक | 07 | 1 | **7=8.75%** | **19.44%** | 14 मि. |
| 2. | लघूत्तरात्मक– I | 25 | 2 | **48=60%** | **66.66%** | 96 मि. |
| 3. | लघूत्तरात्मक – II | 01 | 3 | **6=7.50%** | **05.55%** | 18 मि. |
| 4. | निबंधात्मक | 03 | 10,5,4 | **19=23.75%** | **8.33%** | 42 मि. |
| 5. | | | | | | |
| | योग | 36 | | 80 अंक **=100%** | **99.98% +.02=100%** | 170 मि. |

प्रश्न पत्र पूर्व पठन 15 मि.

विकल्प योजना : आन्तरिक

पुनरावलोकन :– 10 मि.

कुल योगः– 195 मि.

3. विषय वस्तु का अंकभार –

| क्र.सं. | विषय वस्तु | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | अपठित गद्यांश व अपठित पद्यांश | 8**+7=15** | 18.75 |
| 2 | निबन्ध | 10 | 12.50 |
| 3 | पत्र | 05 | 06.25 |
| 4 | व्यावहारिक व्याकरण | 10 | 12.50 |
| 5 | क्षितिज **=**काव्यांश | 15 | 18.75 |
| 6 | क्षितिज **=**गद्यांश | 15 | 18.75 |
| 7 | कृतिका | 10 | 12.50 |
| | | | |
| | कुल योग | 80 | 100% |

# प्रश्न–पत्र ब्ल्यू प्रिन्ट

कक्षा – **X** विषय :– हिन्दी सत्र 2011–2012 पूर्णांक 80

| क्र. सं. | उद्देश्य इकाई / उप इकाई | ज्ञान | | | | अवबोध | | | | ज्ञानोपयोग / अभिव्यक्ति | | | | कौशल / मौलिकता | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अति. लघू | लघू | | निबं. | अति. लघू | लघू | | निबं. | अति. लघू | लघू | | निबं. | अति. लघू | लघू | | निबं. | |
| | | | SA1 | SA2 | | | SA1 | SA2 | | | SA1 | SA2 | | | SA1 | SA2 | - | |
| 1 | अपठित गद्यांश व अपठित पद्यांश | - | 3(2) | - | - | 1(2) | 3(3) | 1(1) | - | 1(-) | 4(-) | 1(-) | - | - | - | 1(-) | - | 15(8) |
| 2 | निबन्ध | - | - | - | - | - | - | - | 3(-) | - | - | - | 4(1) | - | - | - | 3(-) | 10(1) |
| 3 | पत्र | - | - | - | 1(-) | - | - | - | - | - | - | - | 3(1) | - | - | - | 1(-) | 5(1) |
| 4 | व्यावहारिक व्याकरण | - | 3(3) | - | - | - | 2(2) | - | - | - | 3½(-) | - | - | - | 1½(1) | - | - | 10(6) |
| 5 | क्षितिज–काव्यांश | 2(2) | - | - | - | 2½(3) | 5(5) | - | - | ½(-) | 4(-) | - | - | - | 1(-) | - | - | 15(10) |
| 6 | क्षितिज–गद्यांश | - | - | - | - | - | 5½(4) | 1(-) | - | - | 5(-) | 1(-) | - | - | 2½(2) | 1(-) | - | 16(6) |
| 7 | कृतिका | - | - | - | - | - | 2½(1) | - | 2(1) | - | 2½(1) | - | 1(-) | - | 1(1) | - | 1(-) | 10(4) |
| 8 | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 9 | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | योग | 2(2) | 6(5) | - | 1(-) | 3½(5) | 18(15) | 2(1) | 5(1) | 1½(-) | 19(1) | 2(-) | 8(2) | - | 6(4) | 2(-) | 5(-) | 80(36) |
| | कुल योग | 9(7) | | | | 28½(22) | | | | 30½(3) | | | | 12(4) | | | | 80(36) |

विकल्पों की योजना :– प्र.सं. 3,4,6,7,9,10,12 व13 में एकान्तिक आंतरिक विकल्प है

नोट:– कोष्ठक में बाहर की संख्या अंकों की तथा भीतर प्रश्नों की द्योतक है।

विशेषः– कुल मूल प्रश्न 13 हैं जिनके उपविभाजित 36 प्रश्न हैं।

हस्ताक्षर

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

<u>नमूने का प्रश्न–पत्र</u>

कक्षा–10

विषय–हिन्दी (अनिवार्य)

अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

अवधि– 3 घण्टे 15 मिनट  पूर्णांक 80 अंक

निर्देश :–

1. कृपया जांच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में 5 मुद्रित पृष्ठ एवं 13 मूल प्रश्नों में 36 उपविभाजित प्रश्न है।
2. प्रश्न–पत्र वितरण के बाद 15 मिनट प्रश्न–पत्र पढ़ने व समझने के लिये निर्धारित हैं। यदि परीक्षार्थी समय से पूर्व प्रश्न–पत्र पढ़ लेता है तो वह प्रश्न–पत्र हल करना प्रारम्भ कर सकता है।
3. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
4. उत्तर यथासम्भव निर्धारित शब्द सीमा में ही सुपाठ्य लिखें।
5. जिन प्रश्नों में आंतरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

खण्ड क

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

उपासना की दृष्टि से कई लोग काफी बढ़े–चढ़े होते है। यह प्रसन्नता की बात है कि जहाँ दूसरे लोग भगवान को बिलकुल ही भूल बैठे हैं, वहाँ वह व्यक्ति ईश्वर का स्मरण तो करता है, औरों से तो अच्छा है। इसी प्रकार जो बुराइयों से बचा है, अनीति और अव्यवस्था नहीं फैलाता, संयम और मर्यादा में रहता है, वह भी भला है। उसे बुद्धिमान कहा जाएगा, क्योंकि दुर्बुद्धि को अपनाने से जो अगणित विपत्तियाँ उस पर टूटने वाली थीं, उनसे बच गया। स्वयं भी उद्विग्न नहीं हुआ और दूसरों को भी विक्षुब्ध न करने की भलमनसाहत बरतता रहा। यह दोनों ही बाते अच्छी हैं। ईश्वर का नाम लेना और भलमनसाहत से रहना, एक अच्छे मनुष्य के लिये योग्य कार्य है। उतना तो हर समझदार आदमी को करना ही चाहिये था। जो उतना ही करता है, उसकी उतनी तो प्रशंसा की ही जाएगी कि उसने अनिवार्य कर्तव्यों की उपेक्षा नहीं की और दुष्ट–दुरात्माओं की होने वाली दुर्गति से अपने को बचा लिया।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए – 1 अंक

(ख) रेखांकित शब्द का सन्धि–विच्छेद कर सन्धि का नाम व परिभाषा लिखें। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+1=2$ अंक

(ग) एक अच्छे मनुष्य के लिये योग्य कार्य कौनसे हैं ? उत्तर सीमा 40 शब्द। 2 अंक

(घ) दुर्बुद्धि को अपनाने का क्या परिणाम होता है ? उत्तर सीमा 60 शब्द। 3 अंक

प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

अरूण यह मधुमय देश हमारा।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।
सरस तामरस गर्भ विभा पर– नाच रही तरू शिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर– मंगल कुंकुम सारा।
लघु सुरधनु से पंख पसारे–शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किये–समझ नीड़ निज प्यारा।
बरसाती आँखों के बादल–बनते जहाँ भरे करूणा जल।
लहरें टकराती अनंत की – पाकर जहाँ किनारा।
हेम–कुंभ ले उषा सवेरे – भरती ढुलकती सुख मेरे।
मदिर ऊँघते रहते–जब–जगकर रजनी भर तारा।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1 अंक

(ख) पद्यांश में वर्णित देश की विशेषताएं लिखिए। उत्तर सीमा – 40 शब्द। 2 अंक

(ग) 'हेम–कुंभ' में प्रयुक्त अलंकार का नाम व लक्षण लिखिए।
उत्तर सीमा – 40 शब्द। 2 अंक

(घ) 'मंगल–कुंकुम' – कुंकुम को मंगल क्यों कहा गया है ?
उत्तर सीमा – 40 शब्द। 2 अंक

अथवा

उदयाचल से किरन – धेनुएँ
हाँक ला रहा
वह प्रभात का ग्वाला।
पूँछ उठाये चली आ रही
क्षितिज–जंगलों से टोली
दिखा रहे पथ इस भूमा का
सारस सुना–सुना बोली
गिरता जाता फेन मुखों से
नभ में बादल बन तिरता
किरन–धेनुओं का समूह यह
आया अंधकार चरता।
नभ की आम्र छाँह में बैठा
बजा रहा बंशी रखवाला।
ग्वालिन सी ले दूब मधुर
वसुधा हँस–हँसकर गले मिली
चमका अपने अपने स्वर्ण–सींग वे
अब शैलों से उतर चलीं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1 अंक

(ख) काव्यांश में 'प्रभात का ग्वाला' का क्या अभिप्राय है ?
उत्तर सीमा–40 शब्द। 2 अंक

(ग) नभ में बादल बनकर कौन तैर रहा है ? उत्तर सीमा – 40 शब्द। 2 अंक

(घ) 'किरण–धेनुओं' में प्रयुक्त अलंकार का नाम व लक्षण लिखिए।
उत्तर सीमा – 40 शब्द। 2 अंक

## खण्ड ख

प्रश्न 3 दिये गये बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 350 शब्दों में निबन्ध लिखिए। 10 अंक

(क) स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भागीदारी

- (i) स्वाधीनता संग्राम का प्रारम्भ
- (ii) स्वाधीनता संग्राम में महिलाओं का सक्रिय योगदान
- (iii) प्रेरणा के रूप में महिलाओं का योगदान
- (iv) प्रसिद्ध महिलाओं का संक्षिप्त परिचय
- (v) राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान

(ख) रैगिंग और विद्यार्थी जीवन

- (i) रैगिंग का सामान्य परिचय
- (ii) नव–प्रवेशी विद्यार्थियों में रैगिंग का बढ़ता आतंक
- (iii) महाविद्यालयी स्तर पर रैगिंग रोकने के उपाय
- (iv) रैगिंग रोकने के कानूनी प्रयास
- (v) परिचयात्मक रैगिंग के विद्यार्थियों पर सुखद प्रभाव

(ग) राजस्थान के प्रमुख मेले

(i) मेले का अर्थ (ii) राजस्थान के प्रमुख मेले

(iii) मेलों का सामाजिक महत्त्व (iv) मेलों की आवश्यकता

(v) मेलों का पर्यटन पर प्रभाव

(घ) बालश्रम से जूझता बचपन

(i) बाल श्रमिक कौन

(ii) बालश्रमिक की दिनचर्या

(iii) गृहस्वामियों व उद्यमियों द्वारा शोषण

(iv) सुधार हेतु सामाजिक एवं कानूनी प्रयास

प्रश्न 4 स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शिवपुरा का कक्षा दसवीं का छात्र नितेश मानते हुये अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को खेल–कूद व्यवस्था सुचारू रूप से करवाने हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिये। 5 अंक

अथवा

स्वयं को सुमित मानते हुये अपने मित्र संजय को गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई पत्र लिखिए।

प्रश्न 5 (क) 'लतिका गाना गा रही है,' वाक्य में निहित क्रिया की परिभाषा को उदाहरण द्वारा समझाइए। 2 अंक

(ख) 'मनुष्य की सबसे बड़ी पूँजी और शक्ति उसका ज्ञान है,' रेखाकिंत पदों के पद परिचय के दो–दो बिन्दु लिखिए। $^1/_2+^1/_2+^1/_2+^1/_2=2$ अंक

(ग) सरल वाक्य तथा संयुक्त वाक्य में क्या अन्तर है ? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। 2 अंक

(घ) (i)'थू–थू करना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिये। 1+1=2 अंक

(ii) 'अपने दोष को छिपाने के लिये साधनो मे कमी बताना' भाव की लोकोक्ति लिखिए।

(ड.) 'तेलनि तूलनि पूँछि जरी न जरी' – पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नामोल्लेख करते हुये उसके लक्षण लिखिए। 2 अंक

## खण्ड – ग

प्रश्न 6 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिये –

ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न त्यागी।
ज्यों जल माँह तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति–नदी मैं पाउँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।।

(क) गोपियों ने उद्धव को 'बड़भागी' क्यों कहा है ? 2 अंक

(ख) 'ज्यो जल माँह तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 2 अंक

अथवा

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह

बंधन है स्त्री जीवन के

(क) ''माँ ने कहा पानी में झाँककर अपने चेहरे पर मत रीझना'' इस पंक्ति का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) वस्त्र और आभूषण को स्त्री के लिए बंधन क्यो माना गया है ?

प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए – 3x2=6

(क) 'दंतुरित–मुसकान' पाषाण हृदय को पिघला कर जल बना देती है।' कथन की सत्यता अथवा असत्यता को तर्क द्वारा स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'क्रोध' पर विनय और व्यंग्य का अलग–अलग प्रभाव कैसे पड़ता है ? 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'कन्यादान' कविता के आधार पर बताइये कि कविता मे कोरी भावुकता नहीं बल्कि एक माँ के संचित अनुभवों की पीड़ा की प्रामाणिक अभिव्यक्ति है।

(घ) 'छाया मत छूना' कविता में कवि ने यथार्थ को कठिन कहकर उसकी पूजा करने को क्यों कहा है ?

प्रश्न 8 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी।।

पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारू। चहत उड़ावन फूँकि पहारू।।

इहाँ कुम्हड़बतिया कोऊ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं।।

देखि कुठारू सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना।।

(क) पद्यांश में प्रयुक्त भाषा कौनसी है ? 1 अंक

(ख) पद्यांश में किस छन्द का प्रयोग किया गया है ? 1 अंक

(ग) 'कुम्हड़बतिया' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में किया गया है ? 1 अंक

(घ) 'अहो मुनीसु महाभट मानी' में कौनसा अलंकार है ? 1 अंक

(ड.) 'बानी' व 'तरजनी' शब्दों के तत्सम रूप लिखिए। 1 अंक

अथवा

फटिक सिलानि सौं सुधार्‌यौ सुधा मंदिर,

उदधि दधि को सो अधिकाइ उमगे अमंद।

बाहर ते भीतर लौं भीति न दिखैए 'देव'

दूध को सो फेन फैल्यो आँगन फरसबंद।

(क) पद्यांश में कौनसी भाषा का प्रयोग हुआ है ? 1 अंक

(ख) पद्यांश में प्रयुक्त छन्द का नाम लिखिए। 1 अंक

(ग) 'दूध को सो फेन' में कौनसा अलंकार है ? 1 अंक

(घ) 'अमन्द' शब्द का अर्थ लिखिए। 1 अंक

(ड.) 'फटिक' का तत्सम रूप लिखिए। 1 अंक

प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा 40 शब्द।

काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्‌भुत परंपरा है। यह आयोजन पिछले कई बरसों से संकट मोचन मंदिर में होता आया है। यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंती के अवसर पर यहाँ पांच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन–वादन की उत्कृष्ट सभा होती है। इसमें बिस्मिल्ला खाँ अवश्य रहते हैं। अपने मजहब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार श्रद्धा है।

(क) मजहब के प्रति समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ का धर्म के प्रति क्या दृष्टिकोण है? 2 अंक

(ख) काशी में संगीत आयोजन की कौनसी अद्‌भुत परम्परा है ? 2 अंक

अथवा

एक संस्कृत व्यक्ति किसी नयी चीज की खोज करता है, किन्तु उसकी सन्तान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी सन्तान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता।

(क) वास्तविक संस्कृत व्यक्ति किसे कहा जा सकता है ? 2 अंक

(ख) उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर सभ्य और संस्कृत व्यक्ति में क्या अंतर है? 2 अंक

प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए– प्रत्येक प्रश्न की उत्तर सीमा 40 शब्द है। **3x2=6**

(क) 'स्त्री–शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खण्डन' पाठ के आधार पर बताइये कि स्त्री को पढ़ाने के विरोधी क्या–क्या कुतर्क देते हैं ?

(ख) अपने व्यक्तित्व की किन विशेषताओं के कारण लेखक श्री सक्सेना ने फादर कामिल बुल्के को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग माना है ?

(ग) यशपालजी के व्यंग्य 'लखनवी अंदाज' के लिये आप अन्य क्या शीर्षक देना चाहेंगे तर्क सहित उत्तर लिखिए।

(घ) 'बालगोबिन भगत' पाठ में आये विक्रम संवत् के कैलेण्डर के नाम क्रम से लिखिए।

प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिये –

(क) 'नेताजी का चश्मा' कहानी में निहित देशभक्ति के सन्देश को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिये। उत्तर सीमा 40 शब्द। 2 अंक

(ख) 'एक कहानी यह भी' के आधार पर सन् 1946–1947 में स्त्रियों की सामाजिक स्थिति पर अपने विचार लिखिये। उत्तर सीमा 40 शब्द। 3 अंक

खण्ड – घ

प्रश्न 12 ''शहर की चकाचौंध से दूर गाँव की सहजता को रचनाकार ने आत्मीयता से प्रस्तुत किया है।'' 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर कथन की सत्यता को स्पष्ट कीजिये। उत्तर सीमा 80 शब्द। 4 अंक

अथवा

'जॉर्ज पंचम की नाक' कहानी में कमलेश्वर ने सत्ता से जुडे विभिन्न प्रकार के लोगों की औपनिवेशक दौर की मानसिकता और विदेशी आकर्षण पर गहरी चोट की है' – कथन की सत्यता को सिद्ध कीजिये । 4 अंक

प्रश्न 13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए – प्रत्येक प्रश्न की उत्तर सीमा 40 शब्द है। **3x2=6**

(क) अपने सारे अन्तर्विरोधों के साथ पलता दुलारी और टुन्नू का व्यक्तिगत प्रेम, देश–प्रेम में किस प्रकार परिणत हो जाता है ?

(ख) विज्ञान के भयानकतम दुरुपयोग का परिणाम है – हिरोशिमा। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने में आप क्या योगदारन दे सकते है ?

(ग) गंतोक की सुंदरता का क्या कारण है ?

(घ) इंग्लैण्ड की रानी के हिन्दुस्तान आने पर होने वाली तैयारियों में अचानक क्या बाधा आ पड़ी स्पष्ट कीजिए।

---

## कक्षा – 10 हिन्दी

## उत्तरमाला

### खण्ड 'क' – अपठित गद्यांश संभावित उत्तर

1 (क) शीर्षक – बुद्धिमान और दुर्बुद्धि अथवा कोई अन्य उपयुक्त। 1 अंक

(ख) दुः+ गति = विसर्ग संधि

विसर्ग के साथ अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को विसर्ग सन्धि कहते है।

(आशय के उत्तर स्वीकार्य) $^1/_2+^1/_2+1=2$

(ग) ईश्वर का नाम लेना व भलमनसाहत से रहना (आशय के उत्तर अपेक्षित) 2 अंक

(घ) अनिवार्य कर्तव्यों की उपेक्षा तथा दुष्ट दुरात्माओं द्वारा दुर्गति होना। (आशय के उत्तर स्वीकार्य) 3 अंक

अपठित काव्यांश सम्भावित उत्तर

2. (क) शीर्षक – अरूण यह मधुमय देश हमारा 1 अंक

(ख) सभी प्राणियों का आश्रय स्थल, क्षितिज का सहारा, उषा का आंगन आदि विशेषताओं को प्रकट करने वाले उत्तर स्वीकार्य। 2 अंक

(ग) रूपक अलंकार – उपमेय पर उपमान का आरोप इस प्रकार किया जाता है कि उपमेय व उपमान दोनो एक लगते है। आशय प्रकट करने वाले उत्तर स्वीकार्य। 2 अंक

(घ) कुंकुम लाल रंग का होने के कारण सौभाग्य का प्रतीक है तथा मंगल अवसरों पर शुभ माना जाता है (आशय के उत्तर स्वीकार्य) 2 अंक

अथवा

(क) शीर्षक – किरण धेनुएं 1 अंक

(ख) प्रभात अर्थात् प्रातः काल रूपी ग्वाला प्रातः काल का सूर्य रूपी ग्वाला 2 अंक

(ग) किरण रूपी धेनुओं के मुख से निकलता फेन बादल बनकर आकाश में तैर रहा है। 2 अंक

(घ) रूपक अलंकार – (परिभाषा ऊपर लिखी गई है।) 2 अंक

3. संकेत बिन्दुओं पर आधारित किसी एक विषय पर निबंध लेखन के लिये उचित विषय–वस्तु, सूत्रबद्धता, शुद्ध वर्तनी, प्रभावोत्पादक भाषा–शैली व सुसंगत मौलिक विचार स्वीकार्य। 10 अंक

4. दिये गये विषयानुसार उचित विषय–वस्तु सहित पत्र का सही प्रारूप स्वीकार्य। 5 अंक

5. व्यावहारिक व्याकरण

(क) सकर्मक क्रिया – जिस क्रिया का फल कर्ता से होकर किसी दूसरी वस्तु पर पढ़ता है उसे सकर्मक क्रिया कहते है। 2 अंक

(ख) मनुष्य – जाति वाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग

शक्ति– भाव वाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग 1+1=2अंक

(ग) सरल व संयुक्त वाक्य में अन्तर

सरल वाक्य– इसमें एक उद्देश्य तथा एक ही विधेय होता है। इसे साधारण वाक्य भी कहते हैं।

जैसे – राम बाजार जाता है।

संयुक्त वाक्य– दो या दो से अधिक उपवाक्य समुच्चय बोधक अव्यय से जुडे होते है।

जैसे – रमेश पढ़ रहा है और सुरेश खेल रहा है।

परिभाषा व सही उदाहरण पर आधारित उत्तर स्वीकार्य

(घ) (i) उचित वाक्य प्रयोग स्वीकार्य

(ii) नाच ना जाने आँगन टेढ़ा 1+1=2अंक

(ड.) वर्ण – त, ल, न की आवृत्ति होने के कारण अनुप्रास अलंकार है। 1+1=2अंक

परिभाषा – जब किसी वर्ण की आवृत्ति एक या एक से अधिक बार एक ही क्रम से हो भले ही उसमें स्वरों की समानता न हो – अनुप्रास अलंकर कहलाता है। (आशय के उत्तर स्वीकार्य)

**खण्ड – ग**

6. (क) गोपियों ने उद्धव को व्यंग्य में 'बड़भागी' (भाग्यवान) कहा है क्योंकि कृष्ण के इतने समीप रहकर भी उन्होंने प्रेम के महत्त्व को नहीं जाना। न तो प्रेम किया और न ही वियोग में जले।

(ख) जिस प्रकार तेल से चिकना हुआ घड़ा, पानी में डालने पर भी सूखा रहता है, उसी प्रकार कृष्ण रूपी प्रेम–सागर के किनारे खड़े रहकर तुमने अपने ज्ञान के गर्व में उसमें पैर तक नहीं डुबोया। जिस प्रेम के द्वारा सामान्य मनुष्य हीनता के बोध से मुक्त हो जाता है तथा उसमें जीने की ललक पैदा हो जाती है, तुम उससे दूर ही रहे। (आशय के उत्तर स्वीकार्य) 2 अंक

अथवा

(क) माँ ने बेटी से सौन्दर्य पर मुग्ध होकर उसे महत्त्व नहीं देने की सलाह दी है – इस भाव के उत्तर स्वीकार्य । 2अंक

(ख) वस्त्र व आभूषण के धारण करने की अनिवार्यता के कारण स्त्री का सम्पूर्ण व्यक्तित्व ही भ्रमजाल में भटक गया है। इन्ही बाह्य बंधनों के कारण उसका व्यक्तित्व पूर्ण विकसित नही हो सका है। इसी भाव के उत्तर स्वीकार्य। 2 अंक

7. (क) अपनी निश्छलता व मोहकता के कारण बालक की मुस्कान सबके मन को हर लेती है। निश्छलता के कारण ही यह मुस्कान अपने सरल व मोहक रूप से कठोर व पाषाण हृदय पर भी अपना प्रभाव डालती है और उसे आकर्षित करके अपने प्रति सहृदय बना देती है। जब यह मुस्कान दंतुरित हो अर्थात् छोटे–छोटे दाँत इस मुस्कान की मोहकता को बढ़ा देते है। (आशय के उत्तर स्वीकार्य) 2 अंक

(ख) विनय क्रोध को शान्त करता है, जबकि व्यंग्य क्रोध को भड़काता है।

(आशय के उत्तर स्वीकार्य) 2 अंक

(ग) माँ ही बेटी के सबसे निकट होती है। वही बेटी के सुख–दुःख की साथी व साक्षी होती है। सामाजिक व्यवस्था द्वारा स्त्रियों के लिये आचरण सम्बन्धी जो प्रतिमान गढ़े गये है, वे आदर्श के आवरण में बंधे है। एक स्त्री होने के नाते माँ अपने इस अनुभव द्वारा बेटी को उपयुक्त सलाह देती है। (आशय के उत्तर स्वीकार्य) 2 अंक

(घ) विगत की सुखद स्मृतियाँ तथा भविष्य की मधुर कल्पनाएँ वर्तमान के दुःख को दुगुना करके यथार्थ को कठिन बना देती है। वर्तमान पर आधारित यह यथार्थ कठिन भले ही हो, किन्तु यही जीवन के सत्यों का प्रत्यक्ष साक्षात्कार कराता है। (आशय के उत्तर स्वीकार्य) 2 अंक

8. (क) भाषा – अवधी 1 अंक

(ख) छन्द – चौपाई 1 अंक

(ग) कमजोर व निर्बल व्यक्ति 1 अंक

(घ) अनुप्रास अलंकार 1 अंक

(ड.) वाणी, तर्जनी $^1/_2+^1/_2=1$ अंक

अथवा

(क) भाषा – ब्रज 1 अंक

(ख) छन्द – सवैया 1 अंक

(ग) अलंकार – उपमा 1 अंक

(घ) जो मन्द न हो 1 अंक

(ड.) स्फटिक 1 अंक

9. (प्रत्येक प्रश्न की उत्तर सीमा 40 शब्द)

(क) अपने मजहब के प्रति अत्यधिक समर्पित होने के बाद भी काशी विश्वनाथ जी के प्रति अपार श्रद्धा का भाव था। इस प्रकार सभी धर्मों के प्रति समानता व सम्मान की भावना प्रकट होती है – आशय के उत्तर स्वीकार्य 2 अंक

(ख) हनुमान जयन्ती पर संकटमोचन मंदिर में पांच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन–वादन की उत्कृष्ट सभा होती थी, जिसमें बिस्मिल्ला खाँ विशिष्ट अतिथि होते थे। 2 अंक

अथवा

(क) जिस व्यक्ति की बुद्धि अथवा विवेक ने किसी भी नये तथ्य का दर्शन किया हो, वह संस्कृत व्यक्ति है। 2 अंक

(ख) संस्कृत व्यक्ति नए तथ्य की खोज स्वयं करता है, जबकि सभ्य व्यक्ति को वह वस्तु अपने पूर्वजों से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। 2 अंक

10. कोई तीन उत्तर स्वीकार्य (उत्तर सीमा 40 शब्द) 3x2=6 अंक

(क) स्त्रियों को पढ़ाना उनके और गृह–सुख के नाश का कारण है – यह बात शंकुतला व सीता के उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करने का कुप्रयास किया गया है। आशय के उत्तर स्वीकार्य 2 अंक

(ख) जन्म भूमि बेल्जियम (यूरोप) होने पर भी भारत को कर्मभूमि बनाया। दूसरे धर्म (ईसाई) के होने बावजूद भारतीय धर्म व संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना, छोटों के प्रति वात्सल्य भाव आदि विशेषताओं को इंगित करने वाले उत्तर स्वीकार्य। 2 अंक

(ग) छात्रों द्वारा दिये गये मौलिक व नवीन शीर्षक तर्क के आधार पर स्वीकार्य। 2 अंक

(घ) विक्रम संवत् कैलेण्डर के अनुसार माहों के नाम क्रमानुसार – चैत्र, बैसाख, ज्येष्ठ (जेठ), आषाढ़, श्रावण (सावन), भाद्रपद (भादों), आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष (पूस), माघ (माह), फाल्गुन (फागुन) आदि। 2 अंक

11. (क) देशभक्ति का उदाहरण स्पष्ट करने वाले मौलिक उत्तर स्वीकार्य। 2 अंक

(ख) सन् 1946–1947 में भारतीय स्त्रियों की सामाजिक स्थिति पर स्वयं की विचार धारा पर आधारित मौलिक उत्तर स्वीकार्य। 3 अंक

## खण्ड घ

12. गाँवों के सहज व आत्मीय व्यवहार को दर्शाने वाले उदाहरण तथा शहर के चकाचौंध भरे वातावरण से दूर गाँवों के निश्छल, आत्मीय व सहज व्यवहार को उदाहरण द्वारा उद्घाटित करने वाले मौलिक उत्तर स्वीकार्य। उत्तर सीमा 80 शब्द। 4 अंक

अथवा

आजादी मिलने के बाद भी सत्ता जुड़े विभिन्न प्रकार के लोगों की गुलामी से युक्त मानसिकता पर व्यंग्य, ब्रिटेन की महारानी के भारत आगमन पर उन्हें प्रसन्न करने हेतु की जा रही औपचारिक तैयारियों का वर्णन, सच्ची पत्रकारिता के साथ व्यावसायिक पत्रकारिता पर व्यंग्य किया है तथा सत्ता–नशीन लोगों के विदेशों के प्रति गहरे आकर्षण पर करारी चोट देने वाले भावों से युक्त उत्तर स्वीकार्य। उत्तर सीमा 80 शब्द। 4 अंक

13. किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर स्वीकार्य (प्रत्येक प्रश्न की उत्तर सीमा 40 शब्द)

(क) टुन्नू का व्यक्तिगत प्रेम, समाज द्वारा उपेक्षित वर्ग की दुलारी के साथ अन्तर्विरोध रखता है, किन्तु टुन्नू का निस्वार्थ प्रेम तथा देशभक्ति दुलारी के मन पर गहरा प्रभाव डालते हैं और अंततः यह व्यक्तिगत प्रेम देश–प्रेम में परिणत हो जाता है– आशय को प्रकट करने वाले उत्तर स्वीकार्य।

2 अंक

(ख) विज्ञान के दुरुपयोग को रोकने व हिरोशिमा जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिये किये जाने वाले उपायों पर आधारित मौलिक उत्तर स्वीकार्य।

(ग) गंतोक के निवासी प्रकृति व उसके परिदृश्यों की पूजा करते हैं। उनका मानना है कि जो भी यहाँ गन्दगी फैलाएगा उसकी मृत्यु हो जाएगी। यह मान्यता वहाँ की स्वच्छता का और यही स्वच्छता गंतोक की सुन्दरता का कारण है – भाव वाले उत्तर स्वीकार्य। 2 अंक

(घ) इंग्लैण्ड की महारानी के हिन्दुस्तान आने की खबर से सत्ता से जुड़े लोग व पत्रकारिता को व्यवसाय के रूप में अपनाने वाले पत्रों की, महारानी के स्वागत हेतु की जाने वाली तैयारियों में अचानक आने वाली बाधा, यथा – जॉर्ज पंचम की मूर्ति की नाक का गायब होना आदि के आशय के उत्तर स्वीकार्य।

2 अंक